>

Title: Need to give financial package for the development of Vikramshila and to open a Central University in Vikramshila.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। बजट पर नालंदा की चर्चा हुई थी, मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं कि सरकार इस बारे में चिंता कर रही है लेकिन सरकार विक्रमशिला को भूल जाती है। मैं भागलपुर से सांसद हूं। मैं इस संबंध में माननीय प्रधानमंत्री जी से भी मिला था। कल्चर मिनिस्ट्री की तरफ से सर्वे टीम भी गई थी, अभी पूरी खुदाई भी नहीं हुई है। सरकार विक्रमशिला को क्यों भूल रही है, यह प्रश्न हमारे दिमाग में आता है। मैं आपके जरिए सरकार के समक्ष विक्रमशिला की उपेक्षा का विषय उठाना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि विक्रमशिला बहुत पुरानी संस्कृति की धरोहर है। इस तरफ सरकार को जिस तरह से ध्यान देना चाहिए और इसकी पूरी तरह से खुदाई होनी चाहिए। आपने नालंदा के नाम पर यूनिवर्सिटी बनाई है। जब आप बहुत सी सैंट्रल यूनिवर्सिटी बना रहे हैं तो क्यों नहीं सरकार विक्रमशिला के नाम पर एक अलग यूनिवर्सिटी कायम कर रही है? मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि सरकार ने विक्रमशिला नाम की एक्सप्रेस गाड़ी चला दी है, आप भी उसमें कई बार बैठे होंगे लेकिन विक्रमशिला के नाम पर और कुछ सरकार ने एकदम से नहीं किया है। मैं भागलपुर से सांसद हूं, मुझे इस बात पर गर्व है कि वहां के लोग लगातार इस विषय को उठाने के लिए कहते हैं। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि विक्रमशिला के नाम पर फंड दिया जाए। दो सैंट्रल यूनिवर्सिटी बिहार को मिली हैं लेकिन विक्रमशिला के नाम पर भी यूनिवर्सिटी खोली जाए। विक्रमशिला सिर्फ बिहार की नहीं बल्कि पूरे देश की धरोहर है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। हमें इसकी उपेक्षा स्वीकार नहीं है। सरकार कम से कम 100 करोड़ रुपए की राशि विक्रमशिला के रखरखाव के लिए दी जानी चाहिए। इसे इस तरह से डेवलप किया जाना चाहिए जिस तरह से नालंदा डेवलप हो रहा है। हम जब स्पीकर साहिबा के साथ पाकिस्तान गए थे, तब देखा था कि तक्षशिला को किस तरह से उन्होंने देखभाल की है हालांकि पूरा पाकिस्तान उजड़ा हुआ है लेकिन तक्षशिला का ध्यान रखा है। भारत सरकार अकसर कहती है कि हमारी इकनामी बहुत अच्छी है, धरोहर को बचाने का काम करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि विक्रमशिला की उपेक्षा क्यों हो रही है? क्या कांग्रेस की हुकूमत नहीं है, भागलपुर के फसाद की वजह से पूरे नार्थ में खत्म हो गई है? क्या इस बात का गुस्सा उतार रही है?

उपाध्यक्ष महोदय : आप सरकार से क्या चाहते हैं?

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि विक्रमशिला के लिए सरकार अच्छी राशि दी जाए, 100 करोड़ की राशि दे, एक सैंट्रल यूनिवर्सिटी विक्रमशिला के नाम पर शुरु करे। हम सरकार की हैसियत जानते हैं कि सरकार बहुत दिक्कत में है। आपने बिहार को एक के बदले दो यूनिवर्सिटी गया और मोतीहारी दी हैं, इसके लिए हम आपका शुक्रियाअदा करते हैं। इसके साथ यह निवेदन करते हैं कि विक्रमशिला सैंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाए। मंत्री जी आप रिस्पांड कर दें, हमारी बात को वहां पहुंचा दें, विक्रमशिला के लिए खड़े होकर कह दें।